फर्द अहकाम

अज अदालत–न्यायालय जिला कलक्टर–मुकाम–भरतपुर

पीरबक्स बनाम आयुक्त,नगर निगम,भरतपुर

किस्म मुकदमा अपील आर. टी. आई नम्बर 27 सन् 2022

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनियशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुये
06.04.2022	सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत अपीलान्ट पीरबक्स पुत्र अली हुसैन जाति भिश्ती पता वार्ड संख्या 4 आनन्द विद्या निकेतन की गली, मुरवारा रोड, आनन्द नगर द्वारा बृजवासी एण्टर प्राइजेज, कुम्हेर गेट चौराहा भरतपुर जिला भरतपुर की अपील आयुक्त,नगर निगम, भरतपुर के खिलाफ प्राप्त हुई है। अपील दर्ज रजिस्टर हो। अपील का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी यह अपील आयुक्त,नगर निगम, भरतपुर के खिलाफ पेश की गई है। सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आयुक्त,नगर निगम, भरतपुर के खिलाफ अपील सुनवाई का क्षेत्राधिकार इस कार्यालय को नहीं है। अतः प्राप्त मूल अपील प्रार्थी को वापिस लौटाकर सूचित किया जावे कि वे नियमानुसार अपील महापौर, नगर निगम, भरतपुर के यहां प्रस्तुत करें। पत्रावली फैसल शुमार हो। बाद कार्यवाही दाखिल दफ्तर हो। जिला कलक्टर भरतपुर (राज०)	